
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 03.01.2022 से 08.01.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नगर दर्शन पोर्टल की बैठक

(दिनांक 03.01.22)



**विषय: नगर दर्शन पोर्टल की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ग्राम दर्शन की तर्ज पर शहरों के लिए बनाए जा रहे नगर दर्शन पोर्टल की समीक्षा की और आवष्यक परिवर्तनों पर सुझाव देते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिस प्रकार ग्रामदर्शन पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गावँ के संबंध में अपनी मांग और शिकायत पोर्टल पर डाल सकता है उसे कहीं भी जाने की जरूरत नही है ठीक उसी प्रकार से शहरों में किये जाने वाले कार्यो लोगो की मांगों और उन कामों पर निगरानी रखने के लिए शहर दर्शन पोर्टल बनाया जा रहा है जिसके माध्यम से शहर में रहने वाला कोई भी व्यक्ति अपने शहर के संबंध में अपनी किसी भी मांग को पोर्टल पर डाल सकेगा और उसे कहीं भी जाने की जरूरत नही पड़ेगी। इस पोर्टल को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा गणतंत्र दिवस 2022 की पूर्व संध्या पर शुरू किया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना की समीक्षा

(दिनांक 04.01.22)




**विषय: मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने MMPSY मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना की समीक्षा की। इस योजना के तहत 1.80 तक कि आमदनी वाले गरीब परिवारों को हरियाणा सरकार 6000 रुपये सालाना प्रदान करती है जिसके माध्यम से परिवार के अलग अलग सदस्यों के बीमा, फ़सल बीमा, अटल पेंशन योजना आदि के प्रीमियम का भुगतान किया जाता है और बची हुई राशि उनके खातों में जमा करा दी जाती है। जिससे न केवल उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिलती है बल्कि आर्थिक सहायता भी मिलती है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी गरीब परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए और उनकी आय 1 लाख 80 हज़ार से ऊपर की जाए। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकाररियों को निर्देश दिए कि फैमिली आईडी के तहत चल रहे इनकम वेरिफिकेशन के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि सभी लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सके।

## पांचजन्य प्रत्रिका के साथ संवाद

(दिनांक 05.01.22)

**विषय: पांचजन्य प्रत्रिका के साथ संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर पांचजन्य पत्रिका से अपने विचार साझा किए है। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसान आंदोलन, परिवार पहचान पत्र, शिक्षा, स्वास्थ, भर्तियां, बेरोजगारी और अन्य



# साप्ताहिक सूचना पत्र

कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर चर्चा की।

साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा को लेकर अपने विज़न और रोड मैप को भी सामने रखा जिसमे उन्होंने कहा कि हरियाणा आज देश के अग्रणी राज्यों में आता के विकास की दृष्टि से आने वाले समय में हरियाणा न केवल आर्थिक रूप से देश में सबसे आगे होगा बल्कि विकास और नागरिक सेवाओं में भी सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में उभर कर आएगा।

## कुसुम योजना की शुरुआत

(दिनांक 06.01.22)



**विषय: कुसुम योजना की शुरुआत।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कुसुम योजन की शुरुवात की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य में अब तक 25897 सोलर वाटर पम्प लागए जा चुके है । साथ ही सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाएं जायँगे। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पीएमकुसुम) के तहत सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने में हरियाणा सोलर वाटर पम्पों के संचालन के साथ देश का अग्रणीय राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री जी ने आज चण्डीगढ में प्रतीकात्मक उद्घाटन कर किसानों को सोलर पंप प्रदान किए। इन पंपों पर सरकार 75 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। इस मौके पर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री जी ने सोलर वाटर पम्पिंग प्रोग्राम की पुस्तिका तथा किसानों के लिए उपयोगिता पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के सभी 50 हॉर्स पावर से कम बिजली के ट्यूबवेल, जो खेती के लिए उपयोग में लिए जा रहे हैं, उन्हें सौर ऊर्जा में बदलने के निर्देश दिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाई पॉवर लैंड परचेस कमिटी (HPLPC) की बैठक

(दिनांक 06.01.22)




**विषय: हाई पॉवर लैंड परचेस कमिटी (HPLPC) की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने HPLPC की बैठक कज अध्यक्षता की जिसमे कई अहम प्रोजेक्ट के लिए जमीनों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई जिसमें चीका सिटी, कैथल से पटियाला सड़क तक बाइपास के निर्माण के लिए भूमि खरीद करना शामिल है । साथ ही जिला फतेहाबाद के टोहाना में बस स्टैंड के निर्माण के संबंध में एक अन्य एजेंडे पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने उपायुक्त श्री प्रदीप गोदारा को निर्देश दिए कि भू–मालिकों से वार्ता कर जल्द से जल्द परियोजना को अंतिम रूप दें। सरकारी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने की सहमति जताने वाले भू–मालिकों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। यह समस्त भूमि ई–भूमि पोर्टल जे माध्यम से खरीदी गई है।

## हॉस्पिटल लैंड पॉलिसी की समीक्षा

(दिनांक 07.01.22)

**विषय: हॉस्पिटल लैंड पॉलिसी की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा सरकार की और से विभिन्न प्राइवेट हस्पतालों को दी जाने वाली जमीन और प्लाट के नियमों की समीक्षा की और इस पॉलिसी के तहत प्राइवेट अस्पतालों में 25 गरीबों को निशुल्क स्वास्थ सेवा और इलाज उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को दी जा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

रही सभी कल्याणकारी सेवाओं विशेष तौर पर चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता सुनिष्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पहले गरीबों के लिए सुपर स्पेशियलिटी निजी अस्पतालों से बेहतर चिकित्सा सेवायें प्राप्त करना संभव नहीं था, लेकिन अब वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से निजी अस्पतालों में इलाज करवाना संभव हो पाया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने निजी अस्पतालों, जिन्हें एचएसवीपी द्वारा विभिन्न शहरी क्षेत्रों में जमीन आवंटित की गई, में गरीबों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया जिसके तहत ये अस्पताल अब बीपीएल या हरियाणा सरकार के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से संबंधित मरीजों, जिनका इलाज रियायती दरों पर किया जा रहा है, का रीयल टाइम डाटा का रिकॉर्ड रखेंगे।

चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता सुनिष्चित करने के लिए मुख्यमंत्री जीने ऐसे अस्पतालों के उच्च अधिकारियों को वास्तविक डाटा का रिकॉर्ड रखने और बिल व अन्य सहायक दस्तावेजों के साथ सभी आवष्यक विवरण पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री जी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न अस्पतालों (जिन्हें एचएसवीपी द्वारा विभिन्न शहरी क्षेत्रों में जमीन आवंटित की गई है) से ऐसे मरीजों के इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। जिसमें आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम, फोर्टिस हार्ट एंड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल गुरुग्राम, मेडी सिटी (मेदांता), गुरुग्राम, पुष्पांजलि अस्पताल, रेवाड़ी, सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद, और अन्य ने उपचार संबंधित शुल्क और लाभार्थियों को दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री जी की दीर्घायु के लिए प्रार्थना

(दिनांक 07.01.22)

**विषय: प्रधानमंत्री जी की दीर्घायु के लिए प्रार्थना।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला के माता मनसा देवी मंदिर पहुँचकर प्रधानमंत्री जी की दीर्घायु के लिए की पूजा–अर्चना की और महामृत्युंजय यज्ञ में पूर्णाहुती दी। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने श्री माता मनसा देवी से कोविड–19 की परिस्थितियों में प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की भी कामना की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली





# साप्ताहिक सूचना पत्र

में सबसे बड़ा पद प्रधानमंत्री का होता है और वे जहां भी जाते हैं, उनकी सुरक्षा व रास्ते सुनिष्चित करने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की होती है। पंजाब में शासन व प्रशासन प्रधानमंत्री की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल रहा, इसलिए हम पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करते हैं। इससे पहले ऐसी घटना कभी नहीं हुई, जब प्रधानमंत्री को किसी राज्य में इस तरह रोका गया हो।

## कैथल के BJP कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात


(दिनांक 08.01.22)



**विषय: कैथल के BJP कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिला कैथल के अलग अलग ग्रुप के पार्टी कार्यकर्ताओं से चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी कार्यकर्ताओं से परिवार पहचान पत्र के सर्वे कार्य को पूर्ण करने में सहयोग देने और अपने अपने वार्डो में गरीब लोगों कोमुख्यमंत्री अन्त्योदय परिवार उत्थान योजना का लाभ लेने में सहायता करने का निर्देश भी दिया। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने जिला कैथल से संबंधित सफाई और सीवरेज की समस्या का तत्काल हल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जिला जींद के BJP कार्यकर्ताओं के साथ संवाद

(दिनांक 09.01.22)

**विषय: जिला जींद के BJP कार्यकर्ताओं के साथ संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिला जींद के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की और जींद की समस्याओं का निराकरण किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने परिवार पहचान पत्र के सर्वे कार्य में आ रही दिक्कतों को दूर कर उसमें तेज़ी लाकर सहयोग करने के निर्देश भी कार्यकर्ताओं को दिए। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत लगाए जा रहे मेलों की जानकारी और उनसे जनता को हो रहे लाभ के संबंध में फीडबैक भी पार्टी कार्यकर्ताओं से लिया।

विदित है कि माननीय मुख्यमंत्री जी के 2 दिन के कार्यक्रम दिनाँक 8 और 9 जनवरी को जिला कैथल और जींद में होने वाले थे लेकिन कोरोना की वर्तमान स्थिति को देखते हुए उन्हें निरस्त कर दिया गया जिसके चलते मुख्यमंत्री जी द्वारा दोनों जिलों के सीमित कार्यकर्ताओं के ग्रुप के साथ इन दो दिनों में संवाद स्थापित किया गया।